क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 07.06.2025
समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नैनीताल में 126 करोड़ रूपये की विभिन्न विकास योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।
- मुख्यमंत्री ने कहा– नैनीताल जिले को आदर्श और श्रेष्ठ जिला बनाने के लिए सरकार अनेक विकास परियोजनाओं को आगे बढ़ा रही है।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एनडीए सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर किसान कल्याण के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई।
- केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश के किसानों की सुरक्षा से जुड़ी प्रमुख मांग फेंसिंग के लिए विशेष बजट जारी करने की घोषणा की।
- देश में आज कुर्बानी का पर्व ईद–उल–अजहा धार्मिक आस्था के साथ मनाया गया।

**सीएम नैनीताल**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज नैनीताल में 126 करोड़ रूपये की विभिन्न विकास योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि ये सभी योजनाएं न केवल क्षेत्र के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने में सहायक सिद्ध होंगी बल्कि नागरिकों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के साथ ही इस क्षेत्र के विकास की गति को भी तेज करेंगी। नैनीताल जिले को आदर्श और श्रेष्ठ जिला बनाने पर बल देते हुए श्री धामी ने कहा कि इसके लिए राज्य सरकार अनेक विकास परियोजनाओं को आगे बढ़ा रही है।

उन्होंने कहा कि हल्द्वानी को विज्ञान और नवाचार का प्रमुख केंद्र बनाने के लिए देश के पहले एस्ट्रो पार्क के निर्माण की दिशा में भी तेजी से कार्य किया जा रहा है। खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और विश्व स्तरीय प्रशिक्षण सुविधाएं प्रदान करने के उद्देश्य से सरकार हल्द्वानी में उत्तराखंड का पहला खेल विश्वविद्यालय स्थापित करने की दिशा में भी कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार राज्य के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है साथ ही सांस्कृतिक मूल्यों और जनसांख्यिकी के संरक्षण के लिए भी दृढ़ संकल्प के साथ कार्य कर रही है।

## किसानों का कल्याण

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के किसानों के कल्याण के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई है। एनडीए सरकार के केन्द्र में ग्यारह वर्ष पूरे होने के संदर्भ में श्री मोदी ने कहा कि यह सरकार के लिए गौरव की बात है कि उसने इस कार्यकाल में देश के परिश्रमी किसानों की सेवा की। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने मृदा स्वास्थ्य और सिंचाई जैसे मुद्दों पर विशेष ध्यान दिया जो बहुत लाभकारी सिद्ध हुआ।

## सरकार के 11 साल

देश में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के सिद्धांतों से प्रेरित होकर एक दशक में उल्लेखनीय परिवर्तन हुआ है। आकाशवाणी समाचार पिछले 11 वर्षों में प्रमुख क्षेत्रों में सरकार के प्रयासों पर एक विशेष प्रसारण लेकर आया है। इस श्रृंखला में आज प्रस्तुत है भारतीय किसानों के सशक्तिकरण पर यह विशेष रिपोर्ट–

## फेंसिंग बजट

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्रों में जंगली जानवरों से खेती को हो रहे नुकसान को देखते हुए किसानों की सुरक्षा से जुड़ी एक प्रमुख मांग बाड़बंदी के लिए विशेष बजट जारी करने की घोषणा की है। देहरादून भ्रमण के दौरान श्री चौहान ने उत्तराखंड के उच्च हिमालयी क्षेत्रों में पाए जाने वाले काफल फल के बारे में कहा कि इसके औषधीय गुणों के कारण पूरे विश्व में काफल की मांग बढ़ रही है।

इस बीच, केंद्रीय कृषि मंत्री के दौरे को लेकर प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में सरकार किसानों के हितों के लिए काम कर रही है। श्री जोशी ने कहा कि कृषि और बागवानी में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने मिलेट्स नीति, कीवी नीति, ड्रैगन फ्रूट योजना और सेब उत्पादन योजना जैसे कई महत्वपूर्ण कार्यक्रम शुरू किए हैं। उन्होंने कहा कि सेब कटाई उपरांत प्रबंधन योजना के अंतर्गत राज्य के 11 पर्वतीय जिलों के 76 विकास खंडों में 22 सीए स्टोरेज और 180 सॉर्टिंग–ग्रेडिंग यूनिट स्थापित की जाएंगी। इससे पर्वतीय क्षेत्रों के सेब उत्पादकों को लाभ मिलेगा।

## जल उत्सव पखवाड़ा

प्रदेश के जल स्रोतों को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से सरकार जल संरक्षण कार्यक्रम चला रही है। इसी क्रम में चंपावत में जल उत्सव पखवाड़े के तहत विभिन्न स्थानों पर पारंपरिक जल स्रोतों की सफाई और जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। अभियान के तहत ग्रामीण सामूहिक श्रमदान कर बंद पड़े जल स्रोतों, नौलों और धारों की सफाई करने में जुटे हैं। जिले में सारा के नोडल अधिकारी डी कुमार ने बताया कि सरकार की मंशा है कि आम जनता जल संरक्षण के प्रति जागरूक हो। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति सूखे या बंद पड़े जल स्रोतों, धारों और नौलों पर सेल्फी लेकर भागीरथ ऐप के जरिए भेज सकता है, ताकि सूखे जल स्रोतों को पुनर्जीवित किया जा सके।

## ईद–उल–अजहा

देश में आज ईद–उल–अजहा धार्मिक आस्था और उत्साह के साथ मनाया गया। लोगों ने आज सुबह ईदगाह और मस्जिदों में ईद की नमाज अदा की और एक दूसरे को बधाई दी। यह पर्व हजरत इब्राहिम द्वारा अल्लाह के आदेश पर अपने इकलौते पुत्र की कुर्बानी देने पर राजी होने की याद में मनाया जाता है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस अवसर पर देशवासियों को बधाई दी है। ईद का यह त्यौहार उत्तराखंड के विभिन्न हिस्सों में भी धार्मिक आस्था के साथ मनाया गया।

## पिथौरागढ़ दुर्घटना

पिथौरागढ़ जिले के मुनस्यारी मिलन मार्ग पर कल देर शाम एक वाहन के अनियंत्रित होकर खाई में गिर जाने से तीन लोगों की मौत हो गई। इस दुर्घटना में पांच अन्य लोग घायल हो गए, जबकि एक व्यक्ति लापता बताया जा रहा है। जिले के मुख्य विकास अधिकारी डॉ. दीपक सैनी ने आज जिला अस्पताल में घायलों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और अधिकारियों को उन्हें बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दुर्घटना पर दुख व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

## संक्षिप्त समाचार

रुद्रप्रयाग जिले में केदारनाथ धाम जा रहे हेलीकॉप्टर में तकनीकी खराबी आने पर पायलट ने सूझबूझ दिखाते हुए बडासू के पास हेलीकॉप्टर की सुरक्षित लैंडिंग की। यूकाडा की सीईओ सोनिका ने बताया कि हेलीकॉप्टर में सवार सभी यात्री सुरक्षित हैं।

पौड़ी के मुंडीयाप गांव में गुलदार के हमले में ग्रामीण की मृत्यु के बाद वन विभाग की दो टीमें गुलदार को पकड़ने के लिए गांव में गश्त कर रही हैं। इसके लिए विभाग ने क्षेत्र में तीन पिंजरे लगाए हैं। साथ ही ड्रोन समेत अन्य उपकरणों से गुलदार की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है।

11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से पहले आयुर्वेदिक और यूनानी विभाग के योग प्रशिक्षकों ने उत्तरकाशी में आईटीबीपी के हिमवीरों और रुद्रप्रयाग में सेना के जवानों को योगाभ्यास कराया।